श्री जी. एस. इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड साइंस, इन्दौर
(एसजीएसआईटीएस, इन्दौर)
बालक एवं बालिका छात्रावास

23, एम. विश्वैसरैया रोड, इंदौर (एमपी) – 452003
फोन नं. बालक छात्रावास (0731) 2582561, 2582562, बालिका छात्रावास (0731) 2582592, 2582595

(छात्र/छात्राओं एंव पालको से आग्रह है कि इस प्रपत्र को ध्यानपूर्वक पूरा पढें **एवं** कोर्स के दौरान उपरोक्तानुसार अमल करें)

संस्थान द्वारा स्नातक स्नातकोत्तर एवं शोधोपाधी के (बालक एवं बालिका) नियमित विद्यार्थियों को छात्रावास की उत्तम सुविधा प्रदान की जाती है। सभी छात्रावास, संस्थान परिसर में स्थित है तथा पूर्ण सुरक्षित, शांत, सुविधाजनक एवं पूर्ण व्यवस्थित वातावरण में विद्यार्थियों की शैक्षणिक एवं शोध गतिविधियों को प्रोत्साहित करते हुए अन्य प्रकार की सांस्कृतिक गतिविधियां सम्पन्न की जाती है ।

छात्रावास

स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं के बालकों के चार एवं बालिकाओं के दो छात्रावास भवन संस्थान में अलग-अलग स्थानों पर स्थित है। इनके अतिरिक्त एक अलग भवन ट्रांजिट छात्रावास का है जिसमें भारतीय तकनीकि शिक्षा परिपद के क्वालिटी इंप्रूवमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत अध्ययनरत स्नातकोत्तर एवं शोधार्थियों (पीएच.डी.) के नियमित विद्यार्थियों को छात्रावास सुविधा प्रदान की जाती है। ट्रांजिट छात्रावास में विद्यार्थी अपने परिवार के साथ निवास कर सकते है। छात्रावासों में सीटों का आवंटन करने के दौरान समस्त कोर्सो एवं आरक्षण नीति का ध्यान रखा जाता है।

संस्थान में स्थित छात्रावासों का विवरण इस प्रकार है -

क्रं.	छात्रावास का नाम	कक्षा	क्षमता (छात्र)	कुल क्षमता (छात्र)
(क)	**बालक छात्रावास**			
1	एम.विश्वैसरैया छात्रावास	स्नातक प्रथम वर्ष	110	**110**
2	सी. व्ही. रमन छात्रावास	स्नातक प्रथम वर्ष स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष	30 65	**95**
3	एच. भाभा छात्रावास	स्नातक द्वितीय वर्ष स्नातकोत्तर द्वितीय वर्ष	110 44	**154**
4	जे. सी. बोस छात्रावास	स्नातक तृतीय एवं स्नातक चतुर्थ वर्ष	100 90	**190**
(ख)	**बालिका छात्रावास**			
1	सरोजनी नायडू छात्रावास	स्नातक एवं स्नातकोत्तर	333	**333**
2	देवी अहिल्या छात्रावास	स्नातक एवं स्नातकोत्तर	117	**117**
(ग)	**ट्रांजिट छात्रावास**	पी.एच.डी., स्नातकोत्तर एवं संविदा शिक्षक	16 स्यूट	**16 स्यूट**

श्री जी.एस. इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड साइंस, इन्दौर
(एसजीएसआईटीएस, इन्दौर)
बालक एवं बालिका छात्रावास
23, एम. विश्वैसरैया रोड, इंदौर (एमपी) - 452003
फोन नं. बालक छात्रावास (0731) 2582561, 2582562, बालिका छात्रावास (0731) 2582592, 2582595

छात्रावास प्रशासन

निदेशक

↓

डीन छात्र कल्याण

↓

मुख्य छात्रावास अधीक्षक

↓

छात्रावास अधीक्षक समिति

↓

संबंधित छात्रावास अधीक्षक

↓

छात्रावास केयर टेकर एवं कार्यालय कर्मचारी

↓

छात्रावास छात्र समिति

↓

सुरक्षा कर्मचारी

↓

मैस एवं सफाई कर्मचारी